

दैनिक जागरण 08/03/2025

# राज्य स्तरीय विज्ञान क्विज का आयोजन

## राज्य स्तरीय विज्ञान क्विज में कोमल तृतीय स्थान पर



कोमल को सम्मानित करते जीएमएन कालेज के प्राचार्य। ● विज्ञप्ति

**जागरण संवाददाता ● अंबाला :** गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज की छात्रा कोमल ने राज्य स्तरीय रसायन विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। आर्य आदर्श गर्ल्स पीजी कालेज मडलौडा पानीपत द्वारा आयोजित की गई थी। जीएमएन कालेज की बीएससी फिजिकल साइंस द्वितीय वर्ष की छात्रा कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कालेज का नाम रोशन किया है। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कोमल को बधाई देते हुए कहा यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि हमारी छात्रा ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।